# University in News on 08 September 2023

**LOKSATYA PAGE 3**

## एलयू में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव



लखनऊ। भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिवस के अवसर "श्री कृष्ण जन्माष्टमी" को लखनऊ विश्वविद्यालय के चंद्रशेखर आजाद महिला छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता राय थी। प्रोफेसर संगीता राय ने इस अवसर पर श्री कृष्ण की आरती करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्रावास की अभिरक्षिका डॉक्टर अलका मिश्रा, सहायक अभिरक्षिका डॉ अमिता सोनकर तथा श्रीमती कुमकुम सिंह ने छात्राओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रावास की सभी छात्राओं ने पूरे उमंग और जोश के साथ जन्माष्टमी के पर्व को मनाया। कार्यक्रम में अंजली सिंह ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। लोकसत्य